अग्रवाल महाविद्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर मनाई गई

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मदिन रामनवमी, संविधान के निर्माता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयन्ती एवं भारतीय शिक्षक मंडल का स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रो. दिनेश कुमार, कुलपति, जे.सी.बोस विज्ञान और प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय वाई.एम.सी.ए. फरीदाबाद ने कहा कि यदि हमें भारत को पंचविश्व गुरू के पद परा स्थापित करना है तो शिक्षा, शिक्षक एवं शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करना होगा और इस कार्य में भारतीय शिक्षण मंडल अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने डॉ. भीम राव अंबेडकर को याद किया और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सभी उपस्थित लोगों एवं विद्यार्थियों से डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा एवं भगवान श्री राम के गुणों को आत्मसात कर अपने जीवन में उतार कर एक अच्छा इंसान बनने की बात कही। प्राचार्य ने यह भी कहा की यदि नीयत और नीति अच्छी होगी तो नियति भी अच्छी होगी। भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांतिय संगठन मंत्री श्री पुषपेन्द्र राठी ने भी भारतीय शिक्षण मंडल द्वारा द्वारा किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं उपस्थित लोगों के मन में उत्पन्न जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान किया। जिला संगठन मंत्री श्री सुनील शर्मा जी ने मंच संचालन किया एवं कार्यक्रम की सफलता में एक सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर शिक्षा जगत से जुडे हुए लगभग 100 व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिती दर्ज कराई और कार्यक्रम का लाभ उठाया। कार्यक्रम के उपरान्त भोजन की व्यवस्था भी की गई।